# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 21.03.2023

**1.थाना इकोटेक-1 पुलिस द्वारा, क्यूटेक कम्पनी से तांबे व कॉपर के तार चोरी करने वाले प्रकाश मे आये 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 280 किलोग्राम तार, आई-20 कार(सीजशुदा), 04 मोबाइल फोन व कुल 4500 रूपये नगद बरामद।**

**घटनाक्रम का विवरण--** दिनांक 21.03.2023 को थाना इकोटेक-1 पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 0011/2023 धारा 380/457 भादवि0 के प्रकाश मे आये 04 अभियुक्त 1.अभिषेक पुत्र राजेन्द्र निवासी मीरपुर, थाना अगौता, जिला बुलन्दशहर 2.दुष्यन्त पुत्र रामपाल निवासी देवटा, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर 3.धर्मेन्द्र पुत्र रघुवीर निवासी लखावटी मिर्जापुर, थाना खुर्जा देहात, जिला बुलन्दशहर 4.राहुल पुत्र जुगेन्द्र निवासी दादूपुर थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर को ओघोगिक क्षेत्र मे शमशान घाट के पास झाड़ियो के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 280 किलोग्राम चोरी का तार व आई-20 कार रजि नं0 यूपी16 बीई 4053(सीजशुदा), 04 मोबाइल फोन व कुल 4,500 रूपये नगद बरामद की गई है।

**अभियुक्तगणों का विवरण--**

1. अभिषेक पुत्र राजेन्द्र निवासी मीरपुर, थाना अगौता, जिला बुलन्दशहर।
2. दुष्यन्त पुत्र रामपाल निवासी देवटा, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।
3. धर्मेन्द्र पुत्र रघुवीर निवासी लखावटी मिर्जापुर, थाना खुर्जा देहात, जिला बुलन्दशहर।
4. राहुल पुत्र जुगेन्द्र निवासी दादूपुर थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

मु0अ0सं0 0011/2023 धारा 380/457/411 भादवि0 थाना इकोटेक-1, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. चोरी का तार वजन करीब 280 किलोग्राम।
2. एक गाडी आई-20 रजि नं0 यूपी16 बीई 4053(सीजशुदा)
3. कुल 4,500 रूपये नगद व 04 मोबाइल फोन।

**2. थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा, फर्जी कॉल सेन्टर खोलकर जनता के लोगों को कॉल करके भिन्न-भिन्न बैंको में लोन दिलाने व आदित्य बिरला ग्रुप व बिरला फाईनेन्स मे नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी करने वाले 06 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 डेस्कटॉप कम्प्यूटर, 04 लैपटॉप, 13 स्मार्ट फोन, 14 कीपैड फोन, 1 लाख 18 हजार रुपये नगद, 01 मोहर (पंचकुला आयुर्वेद), 07 एफएसएसएआई के फर्जी स्टीकर, 20 एटीएम कार्ड, 05 अप्रूवल लेटर ,167 डाटा शीट, 53 पंचकर्मा आयुर्वेदा चूर्ण की बड़ी डब्बी (अनुमानित कीमत लगभग 2.5 लाख रूपये), 10 पंचकर्मा आयुर्वेदा चूर्ण की छोटी डब्बी, 10 रजिस्टर, 10 डायरियां, 08 चेक बुक, 03 पासबुक भिन्न-2 बैंक, 01 होण्डा सिविक कार व 01 अपाचे मोटरसाइकिल बरामद।**

**घटनाक्रम का विवरण --** दिनांक 21.03.2023 को थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा, फर्जी कॉल सेन्टर खोलकर जनता के लोगों को कॉल करके भिन्न-भिन्न बैंको में लोन दिलाने व आदित्य बिरला ग्रुप व बिरला फाईनेन्स मे नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी करने वाले 06 अभियुक्तगणौं को थाना क्षेत्र के घटनास्थल एच-61 सेक्टर-63 नोएड़ा से गिरफ्तार किया गया है। । अभियुक्तगणौं द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि हम लोगों द्वारा एच-61, सेक्टर-63 में एक ऑफिस खोला गया जिसमें हम लोग पंचाकर्म आयुर्वेद प्रोसिस केयर किट में नकली चूर्ण भरकर उस पर पंचाकर्म आयुर्वेद प्रोसिस केयर किट का स्टीकर लगाकर 3 से 6 हजार रूपये में बेच देते थे, जिससे हमे नकली चूर्ण खरीदने वालो का डाटा मिल जाता था और फिर हम फोन से प्राप्त डाटा पर जनता के लोगों को कॉल करके भिन्न-भिन्न बैंको में लोन दिलाने व आदित्य बिरला ग्रुप व बिरला फाईनेन्स मे नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी करते थे। जो होण्डा सिविक कार, पैसा व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान मिला है, वह उसी ठगी किये गये पैसे से खरीदा गया है।

**अभियुक्तगणौं का विवरण--**

1- विकास कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी प्लॉट नं0-31, तृतीय तल, कैलाशपुरम, गोविन्दपुरम, थाना कविनगर गाजियाबाद मूल पता ग्राम पलवाड़ा, थाना बहादुरगढ, जिला हापुड़।
2- पुनीत कुमार पुत्र जयपाल निवासी प्लॉट नं0-31, तृतीय तल, कैलाशपुरम, गोविन्दपुरम थाना कविनगर, गाजियाबाद मूल पता ग्राम पलवाड़ा, थाना बहादुरगढ, जिला हापुड़।
3- देवांश सक्सेना पुत्र संजीव सक्सेना निवासी-सी-1421, आदित्य वर्ल्ड सिविक, थाना कविनगर, गाजियाबाद।
4- हर्षित श्रीवास्तव पुत्र विमल श्रीवास्तव निवासी-बादल यादव का मकान, खोड़ा गाव, पुलिस चौकी, थाना खोड़ा, गाजियाबाद मूल पता ग्राम पुरदिलनगर, थाना सिकन्द्राराउ, जनपद हाथरस।
5- नितिश कुमार पुत्र कश्मीर सिंह निवासी-फ्लैट नं0-01, आदित्य अपार्टमेन्ट, बहरामपुर, थाना विजयनगर, गाजियाबाद मूल पता ग्राम पुन्नर तहसील पालमपुर, थाना भवारना, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।
6- शैलेन्द्र पुत्र लेखनाथ निवासी- गली नं0-23, सुनील का मकान, थाना खोड़ा, गाजियाबाद मूल पता करहरा कला थाना महोबा, जिला महोबा, उत्तर प्रदेश।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

मु0अ0सं0126/23 धारा420,406,467,468,471,34 भादवि व 66 आई.टी एक्ट थाना सेक्टर-63, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 02 डेस्कटॉप कम्प्यूटर
2. 04 लैपटॉप
3. 13 स्मार्ट फोन

4. 14 कीपैड फोन
5. 1 लाख 18 हजार रुपये नगद
6. 01 मोहर (पंचकुला आयुर्वेद)
7. 07 एफएसएसएआई के फर्जी स्टीकर
8. 20 एटीएम कार्ड
9. 05 अप्रूवल लेटर
10. 167 डाटा शीट
11. 53 पंचकर्मा आयुर्वेदा चूर्ण की बड़ी डब्बी (अनुमानित कीमत लगभग 2.5 लाख रूपये)
12. 10 पंचकर्मा आयुर्वेदा चूर्ण की छोटी डब्बी
13. 10 रजिस्टर
14. 10 डायरियां
15. 08 चैक बुक
16. 03 पासबुक भिन्न-2 बैंक
17. 01 होण्डा सिविक कार रजि नं0 डीएल 7 सीएफ 8415
18. 01 अपाचे मोटरसाइकिल रजि नं0 यूपी 14 एफजे 4586

**3.थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस द्वारा मानसिक रूप से परेशान सुसाइड करने जा रहे युवक की काउंसलिंग कर जान बचाई ।**

**घटनाक्रम का विवरण--** दिनांक 21/03/23 को थाना सेक्टर-113 पर सूचना प्राप्त हुई कि अंतरिक्ष गोल्फ व्यू वन सोसाइटी, सेक्टर-78 में रहने वाला एक व्यक्ति उम्र 36 वर्ष जो 10.30 बजे घर से निकलकर दिल्ली अपने काम पर गए, किंतु ऑफिस नहीं पहुंचे तथा अपने ऑफिस में बता दिया कि मैं लीव पर हूं। जिसके बाद उनके द्वारा ऑफिस में अपने बॉस व अपने फैमिली ग्रुप पर सुसाइड करने का मैसेज पोस्ट कर दिया, जिसकी सूचना थाना सेक्टर-113 पुलिस को प्राप्त हुई सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति की मोबाइल की लोकेशन ली गई उससे वार्ता कर उत्साहवर्धन करते हुए लगातार सम्पर्क में रहते हुए व्यक्ति को सकुशल तलाश कर लिया गया इसके बाद थाना प्रभारी सेक्टर-113 द्वारा उक्त युवक की उनके परिवारी जन के साथ काउंसलिंग की गई, वह वर्तमान में सकुशल अपने परिवार के साथ है।

**4.थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस द्वारा रास्ता भटककर परेशान घूम रही 9 वर्षीय बालिका के परिजनों को तलाश कर बालिका को सकुशल सुपुर्द किया गया।**

**घटनाक्रम का विवरण--** दिनाँक 21/03/2023 को थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के अंतर्गत पुलिसकर्मियों को गश्त के दौरान 01 बालिका उम्र करीब 9 वर्ष परेशान हालत में खडी मिली, जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त बालिका अपने घर का रास्ता भटककर सेक्टर 12/22 आ गयी है जो वापस नही जा पा रही है। थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए कडे प्रयास करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त बालिका मकनपुर इंदिरापुरम् गाज़ियाबाद की रहने वाली है। जिसपर पुलिस द्वारा उक्त बालिका के परिजनों को तलाश कर उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

**5. थाना दादरी पुलिस द्वारा गुमशुदा 02 नाबालिग बच्चों को तलाश कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।**

**घटनाक्रम का विवरण--** दिनांक 21.03.2023 की रात्रि को थाना दादरी पर आकर एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि उसके दो बच्चे 1. उम्र-13 वर्ष व 2. उम्र-7 वर्ष जो गुम हो गये है एवं काफी खोजने के बाद भी नही मिल रहे है। उक्त सूचना पर थाना दादरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अथक प्रयास कर उक्त दोनों बच्चों को सकुशल तलाश कर लिया गया एवं उन्हे उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।